छपे हुए पृष्ठों की संख्याः 1

**परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय1, हैदराबाद**

**कार्यपत्रक 2**

विषयः हिन्दी                                                  कक्षाः नवीं

पाठः 4 नाना साहब की पुत्री देवी मैना को भस्म कर दिया

नामः----------------          अनुक्रमांकः-----------          दिनांकः--------

पूर्णांकः 15                                                  प्राप्तांकः------

**1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

सन् 57 के सितंबर मास में अर्द्ध रात्रि के समय चाँदनी में एक बालिका स्वच्छ उज्ज्वल वस्त्र पहने हुए नानासाहब के भग्नावशिष्ट प्रासाद के ढेर पर बैठी रो रही थी। पास ही जनरल अउटरम की सेना भी ठहरी थी। कुछ सैनिक रात्रि के समय रोने की आवाज़ सुनकर वहाँ गये। बालिका केवल रो रही थी। सैनिकों के प्रश्न का कोई उत्तर न देती थी।

इसके बाद कराल रूपधारी जनरल अउटरम भी वहाँ पहुँच गया। वह उसे तुरंत पहिचानकर बोला- "ओह! यह नाना की लड़की मैना है।" पर वह बालिका किसी ओर न देखती थी और न अपने चारों ओर सैनिकों को देखकर ज़रा भी डरी। जनरल अउटरम ने आगे बढ़कर कहा- "अंगरेज़ सरकार की आज्ञा से मैंने तुम्हें गिरफ़्तार किया।"

**प्रश्न-** 1) बालिका आधी रात के समय क्यों रो रही थी? 2

2) अउटरम ने बालिका को देखकर क्या कहा? 2

3) बालिका किसी ओर क्यों नहीं देख रही थी? 2

4) **भग्नावशिष्ट प्रासाद** का अर्थ लिखिए? 1

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** 2 x 4=8

1. लंदन के सुप्रसिद्ध पत्र 'टाइम्स' में क्या लिखा था?
2. बालिका मैना के जीवन से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?
3. मैना ने अउटरम की बात सुनकर उससे क्या प्रार्थना की?
4. मैना की हत्या का समाचार किस पत्र में और किन शब्दों में छपा था?